# 01.04.2019 से 31.03.2020 के दौरान राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

## *अनुवाद कार्य*

दूरभाष निर्देशिका, पाठ्यक्रम अभिलेख, प्रदत्त उपाधियों का अभिलेख, अनंतिम प्रमाण पत्र, उपाधि प्रमाण पत्र तथा अन्य सभी प्रकार के प्रमाण-पत्र जैसे प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र / योग्यता प्रमाण पत्र आदि हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में ही तैयार, मुद्रित और जारी किए गए। संस्थान पुस्तिका, वार्षिक रिपोर्ट 2018-19 हिंदी में मुद्रित की। प्रशासनिक तथा अन्य विभागों में प्रयोग किए जाने वाले मानक प्रपत्रों का द्विभाषीकरण किया गया। परिचय कार्ड, नामपट्ट तथा रबड़ की मुहरें द्विभाषी रुप में तैयार की गईं।

## *हिंदी कार्यशालाएं*

आईआईएसटी, वलियमला में चार हिंदी कार्यशालाएं - तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए **13 व 14 जून 2019** को, संकाय सदस्यों के लिए **सितंबर 23, 2019** को, प्रशासनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए **12 व 13 दिसंबर 2019** को तथा तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए **फरवरी 17 व 18, 2020** को आयोजित कीं।

## *राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें*

आईआईएसटी, वलियमला में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीन तिमाही बैठकें 19.06.2019, 30.09.2019, 24.02.2019 को आयोजित कीं और संस्थान में हिंदी के प्रभागी प्रयोग से संबंधित तीन तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेज दी। इन बैठकों में राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने पर जोर दी गई और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय लिए गए ।

## *जाँच बिंदुओं की स्थापना*

राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी किए जाने वाले संबंधित आदशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिंदु पुनः स्थापित किए गए।

## *प्रोत्साहन योजना*

हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन योजना जारी रखी गई।

## *हिंदी वार्तालाप कक्षाओं का आयोजन*

पुस्तकालय कार्मिकों के लिए मई 28 और 29, 2019 को हिंदी वार्तालाप की कक्षाओं का (मौखिक हिंदी) संचालन किया गया। श्री. आर. जयपाल वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, आईआईएसटी और श्री. ए. सोमदत्तन, सहायक निदेशक राजभाषा (सेवानिवृत्त), आयकर विभाग ने डेढ़ घंटे का एक एक सत्र का संचालन किया ।

## *स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन 2019*

कुलसचिव, आईआईएसटी से प्राप्त अनुदेश के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2019 के उपलक्ष्य में संस्थान के छात्रों के लिए हिंदी निबंध लेखन, हिंदी भाषण एवं देशभक्ति गीत (एकल) प्रतियोगिताएं चलाई गईं। 15 अगस्त 2019 को आयोजित स्वततंत्रा दिवस समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

## *हिंदी पखवाड़ा समारोह 2019 का आयोजन*

हिंदी पखवाड़ा समारोह संस्थान में सितंबर महीने के दूसरे सप्ताह से मनाया गया। इस पखवाड़े के दौरान सितंबर 17, 2019 को हिंदी दिवस के महत्व को उजागर करते हुए हिंदी विभाग, यूनिवर्सिटी कॉलेज, तिरुवनंतपुरम के अध्यक्ष, डॉ. बी. अशोक कुमार ने विशेष व्याख्यान दिया। कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण, हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण व आलेखन तथा शब्दावली प्रतियोगिताएं और संस्थान के छात्रों के लिए कविता रचना, वैज्ञानिक व तकनीकी सामग्री का अनुवाद, निबंध लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताएं चलाई गईं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक महोदय द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## *विश्व हिंदी दिवस समारोह 2020*

विश्व हिंदी दिवस समारोह - 2020 के उपलक्ष्य में संस्थान के कर्मचारियों, संकाय सदस्यों एवं छात्रों के लिए 7 जनवरी 2020 को हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिताएं चलाई गईं। जनवरी 10 को 'विश्व भाषा हिंदी' विषय पर नेदुमंगाड़, सरकारी कॉलेज के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य व अध्यक्ष डॉ. शामिली एम. ने विशेष व्याख्यान दिया। उसी दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निदेशक महोदय एवं डॉ. शामिली एम. द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरत किए गए।

## *नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति द्वारा आयोजित संयुक्त राजभाषा उत्सव में भागीदारी*

आईआईएसटी, वलियमला, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय - 2), तिरुवनंतपुरम के सदस्य कार्यालय है और इनके क्रियाकलापों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। इसके तत्वावधान में आयोजित **संयुक्त राजभाषा उत्सव** में संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया और **श्रीमती रेनी तोमस**, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने **हिंदी आशुभाषण** में **तृतीय पुरस्कार**, **हिंदी कविता पाठ** में **प्रोत्साहन पुरस्कार**, **'तस्वीर कया बोलती है'** में **प्रोत्साहन पुरस्कार**, **श्रीमती मिनी कुमारी आर. जी**, वरिष्ठ परियोजना सहायक ने **टिप्पण व आलेखन** में **प्रोत्साहन पुरस्कार**, **डॉ. रवि वी.** सह आचार्य, मानविकी विभाग **हिंदी निबंध लेखन** में **तृतीय पुरस्कार**, **हिंदी आशुभाषण** में **प्रोत्साहन पुरस्कार**, **श्री. आर. हरि प्रसाद** , उप कुलसचिव (ग्रेड -II), वित्त तथा **श्री. आर. राकेश आर. मेनन**, वरिष्ठ क्रय एवं भंडार अधिकारी ने **प्रश्नोत्तरी** प्रतियोगिता में **प्रोत्साहन पुरस्कार** प्राप्त किए।

## *हिंदी शब्द संसाधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन*

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, तिरुवनंतपुरम (कार्यालय-2) के तत्वावधान में नाराकास के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जून 12, 2019 को हिंदी शब्द संसाधन प्रशिक्षण आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन डॉ. विनय कुमार डढ़वाल, निदेशक आईआईएसटी द्वारा किया गया। कक्षा का संचालन श्री. आर. जयपाल, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी आईआईएसटी ने किया। इस प्रशिक्षण में विविध विभागों एवं कार्यालयों से कुल 30 प्रतिभागी उपस्थित हुए। संस्थान की ओर से श्रीमती मिनी कुमारी आर. जी. ने इसमें भाग लिया।